महत्वपूर्ण एवं खास

मुख्यमंत्री निवास में गोवर्धन पूजा 26 को

रायपुर (आरएनएस)। इस वर्ष 25 अक्टूबर को खग्रास सूर्यग्रहण होने के कारण मुख्यमंत्री निवास गोवर्धन पूजा का आयोजन 26 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे किया जाएगा।

किराना दुकान का टूटा ताला, नकदी 4 लाख पार

रायपुर (आरएनएस)। होलीक्रॉस स्कूल के पास बैरनबाजार के पास स्थित किराना दुकान का शटर उठाकर अज्ञात चोर ने गल्ला में रखे नकदी 4 लाख रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार होलीक्रॉस स्कूल के सामने बैरनबाजार निवासी प्रार्थी विजय बजाज 40 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि वह श्रीराम किराना स्टोर्स नाम से दुकान चलाता है। बताया जाता है कि 20 अक्टूबर की रात अज्ञात चोर ने शटर का ताला तोडक़र दुकान के गल्ला में रखे नकदी 4 लाख रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

पुरानी रंजिश के चलते युवक को पीटा

रायपुर (आरएनएस)। खोखो तालाब पार में पुरानी रंजिश के चलते दो युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार गोपियापारा पुरानी बस्ती निवासी प्रार्थी प्रवीण यादव 33 वर्ष ने थाना में शिकायत कि वह खोखो तालाब पार के तरफ गया था, तभी आरोपी मोनू पटेल एवं भोंदू यादव ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

पूर्व विवाद को लेकर दो पक्ष भिड़े

रायपुर (आरएनएस)। ग्राम खंडवा में पूर्व विवाद के चलते दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों की शिकायत पर राखी पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले पक्ष से ग्राम खंडवा निवासी उत्तरा बंजारे 40 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी लता बांधे व अन्य 2 लोगों ने पूर्व विवाद को लेकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। वहीं दूसरे पक्ष से प्रार्थिया लता बांधे 40 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी उत्तरा बंजारे व अन्य ने पूर्व विवाद के चलते प्रार्थिया से गाली-गलौज कर मारपीट किया। दोनों पक्षों की शिकायत पर राखी पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

जेठ ने की बहू से छेडख़ानी

रायपुर (आरएनएस)। तिल्दा नेवरा में जेठ द्वारा बहू को बेइज्जत करने व मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर खरोरा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार तिल्दा नेवरा निवासी 25 वर्षीय प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि उसका जेठ आरोपी नोमन वर्मा ने प्रार्थिया के कमरे में प्रवेश कर बेइज्जत करने की नियत से हाथ बांह पकड़ा। प्रार्थिया द्वारा विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर खरोरा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 323, 354, 458 के तहत अपराध दर्ज किया है।

ग्राम जोशीलमती मे 25 को दीपावली मिलन समारोह

राजनांदगांव (आरएनएस)। ग्राम जोशीलमती मे सत्यम युवा मंच के तत्वावधान में मां लक्ष्मी स्थापना और रात्रि में मनोरंजन के लिए छत्तीसगढी नाचा ग्राम हुच्चे टोला के भुईयां के सिंगार का कार्यक्रम रखा गया।उक्त जानकारी चित्रांगन साहू संयोजक सत्यम ब्लड ग्रुप ने दी।

बेबी ऐलीफेंट को मारकर दफन करने के मामले में 13 ग्रामीण गिरफ्तार

कोरबा (आरएनएस)। जिले के कटघोरा वन मंडल अंतर्गत पसान रेंज के ग्राम बनिया में हाथी के 1 साल के बच्चे को मार कर दफन करने के मामले में 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। मुख्य आरोपी कमल भान सिंह जो कि जनपद सदस्य है और कोमल सिंह के नाम से भी जाना जाता है, वह अभी फरार बताया जा रहा है जिसकी तलाश वन अमला कर रहा है।

बताया गया कि 18 अक्टूबर की रात इस हाथी को महुआ और धान में कीटनाशक जहर मिलाकर खिलाया गया था जिसके बाद उसकी मौत हो गई तो उसे वहीं दफन कर दिया गया। हालांकि वन विभाग के अधिकारी मौत का कारण अभी स्पष्ट नहीं कर रहे हैं और पोस्टमार्टम की रिपोर्ट का इंतजार है। वही सूत्रों के मुताबिक शार्ट पीएम रिपोर्ट में जहर की बात सामने आना बताया जा रहा है । एक नाबालिग सहित गिरफ्तार 12 आरोपियों को जेल दाखिल कराया गया। इनके विरुद्ध वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया जिन आरोपियों की वन विभाग द्वारा गिरफ्तारी की गई है उसमें कोमल कुमार पिता विष्णु मंगल उम्र 51 वर्ष, महाबलेश्वर सिंह पिता रामखिलावन उम्र 53 वर्ष, लखेश्वर प्रताप सिंह पिता जगदीश चंद्रमणि उम्र 32 वर्ष, जगदीश चंद्रमणि पिता भगवंत सिंह उम्र 57 वर्ष, उदय कुमार पिता विष्णु मंगल उम्र 45 वर्ष, धन सिंह पिता आनंद राम उम्र 40 वर्ष, कृपाल कुमार पिता सुखनंदन उम्र 28 वर्ष, अरुण कुमार पिता सूर्य कुमार उम्र 24 वर्ष चंद्रशेखर पटेल पिता पंचराम पटेल उम्र 16 वर्ष, सूरज कुमार पिता छत राम उम्र 31 वर्ष, राजेंद्र पिता आनंद राम उम्र 35 वर्ष, घूरन दास पिता मानिक दास उम्र 35 वर्ष, जगत श्रीवास पिता झिटकु राम उम्र 40 वर्ष के खिलाफ वन अधिनियम 1972 की धारा 9,39 1, घ, 2 14, एवं 16 गए 50 ,5, 51 दर्ज कर कुल 13 आरोपियों में से 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है जिसमें मुख्य आरोपी कोमल सिंह पिता विष्णु मंगल सिंह अभी फरार है। गिरफ्तार सभी आरोपियों को प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय में प्रस्तुत किया गया एवं उनके आदेश से सभी आरोपियों को रिमांड पर जेल भेज दिया गया।रेंजर धर्मेन्द्र चौहान ने बताया कि फरार आरोपी की भी शीघ्र गिरफ्तारी हो जाएगी वन विभाग उसकी तलाश में जुटी हुई है।

नरक चौदस पर सुबह से ही बाजारों में खरीददारी के लिए उमड़ी ग्राहकों की भीड़

- शहर के अधिकांश मार्ग में लंबे जाम की स्थिति

रायपुर (आरएनएस)। दीपावली के शुभ अवसर पर धनतेरस पर शहर में सराफा कपड़ा आटोमोबाइल, इलेक्ट्रानिक्स सामान एवं अन्य सामानों की करोड़ों की तादाद में बिक्री होने के बाद आज नरक चौदस के दिन सुबह से ही बाजारों में ग्राहकों की जमकर भीड़ उमड़ रही है। समाचार लिखे जाने तक शहर के प्रमुख बाजारों में पांव रखने तक की स्थिति नहीं बची है। अधिकांश मार्गों में अनेकोंबार लंबे जाम की स्थिति से लोगों को गुजरना पड़ रहा है। पौराणिक मान्यता के अनुसार नरक चौदस को रूप चौदस के रूप में भी जाना जाता है इस दिन घर में महिलाएं बेसन का उबटन लगाकर श्रृंगार कर चौदह दिये जलाकर देवी लक्ष्मी के आगमन का इंतजार करती है वहीं यमराज को भी सुबह श्रद्धा के साथ विधि अनुसार पूजन कर उनसे मृत्यु का समय टालने का अनुरोध किया जाता है। इस दिन योगीराज श्री कृष्ण ने नरकासुर राक्षस का वध किया था। इसीलिए नरक चौदस मनाया जाता है।

गांधी मैदान बना शराबियों का अड्डा, खेलने वाले बच्चों को हो रही परेशानी

गरियाबंद (आरएनएस)। नगर का हृदय स्थल गांधी मैदान जहां वर्षो से नगर के हर छोटे बड़े ,रणनीति और धार्मिक कार्यक्रम किया जाता है ,इसके साथ ही गांधी मैदान के एक हिस्से में छोटे छोटे बच्चो को कान्हा क्लब के द्वारा निशुल्क बॉलीबाल खेल का प्रशिक्षण दिया जाता है।लेकिन उस मैदान में शाम होते ही शराबियों का जमावड़ा देखा जा सकता है ,जहां वे शराबी शराब तो पीते ही है वही शराब के बोलत और शराब पीने में उपयोग किये गए अन्य समान को यहां वहां फेक दिया जाता है ,य वही छोड़ दिया जाता है ।जबकि शराब की बोतल टूट जाए तो किसी के पैर में भी चुभ सकता है ,जिससे वे आहत भी हो सकते है।जिसके चलते कान्हा क्लब के कोच संजीव साहू ने प्रशासन से मांग किये की मैदान में रात के वक्त पुलिस सर्चिंग किया जाए साथ ही नगरपालिका द्वारा इस मैदान की सुरक्षा का कोई प्रबंध किया जाए।

त्यौहार छोड़ व्यापारियों की समस्या सुनने पहुंचे कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास

- सुपेला अंडर ब्रिज को लेकर रेलवे के अधिकारियों से की चर्चा, व्यापारियों के साथ पूरे मार्केट क्षेत्र का निरीक्षण कर व्यवस्था दुरूस्त करने के दिए निर्देश
- कलेक्टर की अपील पर मोर शहर मोर जिम्मेदारी के तहत व्यापारी भी आये आगे, आकाशगंगा मार्केट में बनाएंगे एंट्री गेट

भिलाई (आरएनएस)। धनतेरस के दिन त्यौहार को छोडक़र कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा और निगमायुक्त रोहित व्यास व्यापारियों की समस्याओं को लेकर अकाश गंगा मार्केट क्षेत्र रात्रि में पहुंचे। व्यापारियों ने कलेक्टर को अंडर ब्रिज निर्माण से संबंधित समस्याओं से अवगत कराया, इस पर कलेक्टर ने कहा कि रेलवे एवं इससे संबंधित अधिकारियों के साथ इसकी विस्तृत समीक्षा कर समाधान का प्रयास करेंगे। व्यापारियों के साथ कलेक्टर एवं निगम आयुक्त ने पूरे मार्केट क्षेत्र का दौरा किया, उत्तर गंगोत्री, दक्षिण गंगोत्री, अकाश गंगा के सभी स्थानों पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने असमाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने कहा कि पुलिसिया विजिटिंग भी मार्केट क्षेत्रों में जरूरी है, अंधेरे जगह एवं खाली स्थानों पर विशेष नजर रखें। कुछ स्थानों पर अमृत मिशन के तहत बिछाए गए पाइपलाइन की पानी सप्लाई को दुरुस्त करने कलेक्टर ने निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मार्केट क्षेत्रों में सार्वजनिक शौचालय की साफ-सफाई निरंतर रहनी चाहिए साथ ही व्यापारी संघ की मांग पर उन्होंने दक्षिण गंगोत्री क्षेत्र में शौचालय निर्माण के निर्देश दिए। अकाश गंगा मार्केट क्षेत्र में उन्होंने डोर टू डोर कचरा कलेक्शन दिन एवं रात दोनों ही पारियों में करने कहा। कलेक्टर के निर्देश पर आकाशगंगा में हाल ही में पार्किंग की अच्छी व्यवस्था निगम एवं व्यापारियों के सहयोग से की गई है जहां पर वाहने खड़ी की जा रही हैं, ट्रैफिक की समस्या से भी निजात मिला है, इस स्थल पर पड़े हुए कुछ कबाड़ को हटवाने के निर्देश उन्होंने दिए। मोर शहर मोर जिम्मेदारी के तहत कलेक्टर ने शहरवासियों से अपील की थी, जिसका सकारात्मक परिणाम देखने मिल रहा है व्यापारी संघ ने आज कलेक्टर को बताया कि वह इस थीम के तहत् स्वयं के खर्चे से आकाशगंगा के लिए प्रवेश द्वार का निर्माण करेंगे। निरीक्षण के दौरान व्यापारी संघ एवं व्यापारी गण, रेलवे के अधिकारी, अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा आदि मौजूद रहे।

त्योहारी सीजन तक बाजार व चौक-चौराहों पर रहेगी पुलिस जवानों की तैनाती

कोरबा (आरएनएस)। त्योहारी सीजन के पास आते ही बाजार में रौनक बढऩे लगी थी। शनिवार को धनतेरस के दिन बाजार में जमकर भीड़भाड़ रही। इस दौरान बाजार में किसी तरह की वारदात न हो, इसके लिए पुलिस अलर्ट है। धनतेरस से पहले सोमवार को कटघोरा में बैंक से निकले सीआईएसएफ के रिटायर्ड सब इंस्पेक्टर से 5 लाख की उठाईगिरी की घटना हो गई थी। हालांकि पुलिस ने तत्परता के साथ जांच.पड़ताल करते हुए 2 दिन के भीतर 2 आरोपियों में एक को गिरफ्तार कर 4 लाख 90 हजार रुपए बरामद कर ली थी। उक्त घटना के बाद पुलिस अलर्ट हुई।

अब शहर समेत उपनगरीय क्षेत्र के प्रमुख बाजार व चौक-चौराहों पर पुलिस जवानों की तैनाती की है। शहर में पावर हाऊस रोड समेत बड़े व्यवसायिक क्षेत्र में हथियार लेकर सशस्त्र जवान तैनात किए हैं। फोर व्हीलर के अलावा टू.व्हीलर पेट्रोलिंग दस्ता जहां बाजारों में लगातार घूम रहा है, वहीं संदिग्धों की धरपकड़ के लिए बिना वर्दी में पुलिस जवान बाजार में निगरानी में लगाए गए हैं। दूसरी ओर अपराधियों पर दबाव बनाने के लिए दोपहर भी शहर में फ्लैग मार्च निकाली ।

पूरे त्योहारी सीजन तक पुलिस रहेगी तैनात- एडिशनल एसपी अभिषेक वर्मा के मुताबिक दीपावली के साथ ही छठ व एकादशी तक बाजार में रौनक रहती है। इसलिए धनतेरस व दीपावली तक पुलिस अलर्ट है। बाजार में पुलिस बल की तैनाती की गई है। आगे पूरे त्योहारी सीजन में बाजार में पुलिस तैनात रहेगी।

49 जुआरी चढ़े पुलिस के हत्थे

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी पुलिस ने जुआरियों के खिलाफ अभियान चलाकर 49 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 27135 रुपए जब्त किया है।

मिली जानकारी के अनुसार पुरानी बस्ती पुलिस ने भाठागांव साहूपारा के पास जुआ खेलते आरोपी महावीर धीवर 19 वर्ष, जुगल किशोर कुश्वाहा 22 वर्ष, मालिकराम टण्डन 28 वर्ष, प्रकाश यादव 48 वर्ष व मुकेश यादव 21 वर्ष सहित अन्य 11 लोग को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन लोगों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 7300 रुपए जब्त किया है। वहीं उरला पुलिस ने आरोपी सुखदेव पुरांडे 37 वर्ष, धीरज यादव 33 वर्ष, रमेश निषाद 28 वर्ष, मनी निषाद 33 वर्ष सहित अन्य 9 को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताशपत्ती सहित अन्य 7200 रुपए जब्त किया है। वहीं आरंग पुलिस ने आरोपी अर्जुन ध्रुव 45 वर्ष, जोगीराम निषाद 23 वर्ष सहित अन्य 7 को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन लोगों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 7480 रुपए जब्त किया है।

वहीं नेवरा पुलिस ने आरोपी भुपेंद्र चक्रधारी 35 वर्ष, मोहित पाल 30 वर्ष, कौशल कुमार साहू 27 वर्ष सहित अन्य 10 को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 5155 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने इन जुआरियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

एआईसीसी के छत्तीसगढ़ प्रभारी पीएल पुनिया का 5 दिवसीय दौरा

रायपुर (आरएनएस)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी पी.एल. पुनिया दिनांक 27 अक्टूबर 2022 गुरूवार को इंडिगो के नियमित विमान सेवा द्वारा शाम 5.10 बजे रायपुर पहुंचेंगे। शाम 6 बजे सर्किट हाउस, रायपुर में वरिष्ठ कांग्रेसजनों के साथ बैठक।

दिनांक 28 अक्टूबर 2022 शुक्रवार को दोपहर 2.30 बजे नियमित विमान से रायपुर से जगदलपुर के लिये रवाना होंगे। दोपहर 3.30 बजे जगदलपुर पहुंचेंगे। शाम 6 बजे जगदलपुर में विधानसभा क्षेत्र जगदलपुर के कांग्रेस पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ कांग्रेसजनों के साथ बैठक में शामिल होंगे। शाम 4 बजे दंतेवाड़ा से जगदलपुर के लिये रवाना होंगे एवं रात्रि विश्राम जगदलपुर में करेंगे।

दिनांक 29 अक्टूबर 2022 शनिवार को सुबह 10 बजे जगदलपुर से दंतेवाड़ा के लिये रवाना होंगे। दोपहर 12 बजे दंतेवाड़ा में माता दंतेश्वरी जी का दर्शन करेंगे। दोपहर 2 बजे दंतेवाड़ा में विधानसभा क्षेत्र दंतेवाड़ा के कांग्रेस पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ कांग्रेसजनों के साथ बैठक में शामिल होंगे। शाम 4 बजे दंतेवाड़ा से जगदलपुर के लिये रवाना होंगे एवं रात्रि विश्राम जगदलपुर में करेंगे।

दिनांक 30 अक्टूबर 2022 रविवार को सुबह 10 बजे सर्किट हाउस जगदलपुर में वरिष्ठ कांग्रेसजनों के साथ बैठक में शामिल होंगे। दोपहर 1.20 बजे नियमित विमान से जगदलपुर से रायपुर के लिये रवाना होंगे। दोपहर 2.30 बजे रायपुर पहुंचेंगे एवं रात्रि विश्राम रायपुर में करेंगे।

दिनांक 31 अक्टूबर 2022 सोमवार को सुबह 11 बजे राजीव भवन रायपुर में प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में भाग लेंगे। दोपहर 1.30 बजे इंडिगो के नियमित विमान सेवा द्वारा रायपुर से लखनउ के लिये रवाना होंगे।

अमलेश्वर हत्याकांड का हुआ खुलासा : पुलिस ने सभी आरोपियों को किया गिरफ्तार

दुर्ग (आरएनएस)। दुर्ग जिले के अमलेश्वर में एक ज्वेलर्स को गोली मारकर लूट की वारदात को अंजाम देने वाले मामले में पुलिस ने लूट की वारदात में शामिल बीजेपी सांसद के भतीजे को भी गिरफ्तार किया है। 4 हत्यारों ने मिलकर गुनाह का ब्लू प्रिंट तैयार किया था, जिसमें पुलिस ने मास्टर माइंड समेत 4 लोगों को अरेस्ट किया है।

मामले का खुलसा एसपी अभिषेक पल्लव ने किया है। एसपी ने बताया कि पूछताछ पूछताछ में एक आरोपी सौरभ कुमार सिंह ने खुद को भाजपा सांसद का भतीजा बताया है। उसने कहा कि उसके मौसा सुशील कुमार सिंह औरंगाबाद बिहार के सांसद हैं। वहीं मामले के मुख्य आरोपी और पहले भी दो मर्डर कर चुके आरोपी अभिषेक झा ने कहा कि वो लोग सिर्फ लूट के इरादे से वहां गए थे। सौरभ और अभय कुमार उर्फ बाबू ने शराब के नशे में गोली मार दी।

बता दें कि अमलेश्वर के तिरंगा चौक पर गुरुवार को दिनदहाड़े समृद्धि ज्वलर्स नामक दुकान में घुसकर सराफा कारोबारी सुरेंद्र सोनी की हत्या कर दी गई थी. वारदात के मास्टर माइंड अभिषेक उर्फ अनुपम झा ने लूट का ब्लू प्रिंट तैयार किया था।

पुलिस खुलासा में पता चला कि रायपुर जेल अभिरक्षा से फरार आरोपी ही इस पूरे वारदात का मास्टर माइंड है. घटना में यूज किए गए वाहन होण्डा सिटी, मोटर साइकिल, पिस्टल, कट्टा और कारतूस बरामद किए गए हैं। घटना में लूट हुए सामान भी पुलिस ने बरामद किए हैं।

घटना का मास्टर माइंड अनुपम झा उर्फ अभिषेक झा है, जिसने सौरभ कुमार सिंह, अभय कुमार भारती और आलोक कुमार यादव के साथ लूट के उद्देश्य से अम्लेश्वर जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ में रेकी की। सौरभ कुमार सिंह और अभय कुमार भारती अमलेश्वर तिरंगा चौक स्थित समृध्दि ज्वेलर्स के मालिक सुरेन्द्र सोनी की हत्या कर दुकान से लूट की घटना को अंजाम दिया। उक्त आरोपियों में थाना रायपुर सिविल लाइन, थाना टिकरापारा, थाना डीडी नगर में लूट और हत्या का अपराध घटित करने वाले आरोपी अनुपम झा उर्फ अभिषेक झा जो पेशी के दौरान न्यायालय से फरार हो गया था. वारदात को अंजाम देने वाले सभी आरोपी आरंग में ही छिपे हुए थे. वारदात को अंजाम देने से पहले तगड़ी रेकी की थी। आरोपियों ने कहा कि लूट के इरादे से वारदात को अंजाम दिए थे. मारने का प्लान नहीं था. इस वारदात में बिहार के औरंगाबाद से बीजेपी सांसद सुशील सिंह के भतीजे सौरभ कुमार सिंह को भी गिरफ्तार किया गया है.

वहीं वाराणसी और दुर्ग के व्यापारिक संघ सहित आम जनों ने दुर्ग पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना की है. दुर्ग रेंज आईजी द्वारा टीम को नगद इनाम देने की घोषणा की है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी साकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाय में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौरी के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU